तापमान

अधिकतम 43 .0 डिग्री
न्यूनतम 27 .0 डिग्री

# हरिभूमि जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार 25 अप्रैल 2026

10 परीक्षा को निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न....




10 जनाक्रोश सम्मेलन की जिला संयोजक बनी डॉ. पुष्पा



## खबर संक्षेप

### नशा तस्करी मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार

**जींद**। नशा तस्करी के मामले में शहर थाना पुलिस ने गांव राजथल निवासी रघुवीर को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने तीन आरोपितों को बुधवार को गिरफ्तार किया था। अब इनके चौथे साथी को गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि सीआइए सफीदों की टीम ने बुधवार को तीन आरोपितों पटेल नगर निवासी रजत व साहिल और सावित्री नगर पटियाला चौक निवासी गौरव को 29.12 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया था।

### फिलिंग स्टेशन सेल्समैन पर हमला, छह पर केस

**जींद**। फिलिंग स्टेशन सेल्जमैन पर हमला कर घायल करने पर अलेवा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को नामजद कर पांच अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव अलेवा निवासी दीपक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह फिलिंग स्टेशन पर सेल्समैन पर कार्यरत है। उसके साथ गांव खांडा निवासी आशीष भी काम करता है। कुछ दिन पहले आशीष ने शराब पीकर उसके साथ थप्पड़ मारे। उस समय तो मामला शांत हो गया। गत दिवस वह ड्यूटी पर आ रहा था।

### 45.09 ग्राम स्मैक के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**जींद**। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक व्यक्ति को 45.09 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान पिल्लूखेड़ा मंडी निवासी जनार्द के रूप में हुई है। पुलिस गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ कर रही है। पिल्लूखेड़ा के प्रभारी आशीष ने शुक्रवार का बताया कि पिल्लूखेड़ा पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर नाकाबंदी के दौरान पिल्लूखेड़ा निवासी मनोज को 45.09 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया है।

### चूरापोस्त तस्करी मामले में सप्लायर गिरफ्तार

**कैथल**। पुलिस के एंटी नारकोटिक सेल ने 26.340 किलो चूरापोस्त बरामदगी मामले में राजस्थान निवासी मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 18/19 अप्रैल की मध्यरात्रि को एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की टीम ने 152डी पर नारनौल रोड पर टोल प्लाजा से करीब 5 किलोमीटर आगे एक ट्रक से जींद के गांव बुआना निवासी सुनील कुमार उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से कट्टे में 26.340 किलो चूरापोस्त बरामद हुआ था।

### मोबाइल स्नैचिंग मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**कैथल**। मोबाइल स्नैचिंग के मामले में पुलिस के एंटी व्हीकल स्टाफ की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन और वारदात में प्रयुक्त बाइक भी बरामद कर ली है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव करोड़ा निवासी सुनील ने शिकायत दी थी कि 12 फरवरी को वह अपनी सीएससी सेंटर की दुकान बंद कर शाम करीब 5:30 बजे बस अड्डा कैथल की ओर जा रहा था। जब वह बालाजी कॉलोनी गली नंबर 3 के पास पहुंचा तो बाइक सवार दो युवकों ने उसका सैमसंग मोबाइल छीन लिया और फरार हो गए थे।

### नौकरी लगवाने का झांसा दे 2.13 लाख रुपये ठगे

**कैथल**। कौशल रोजगार निगम में नौकरी लगवाने का झांसा दे 2.13 लाख की ठगी कर ली। तितरम थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पाडला निवासी कुलदीप सिंह ने बताया कि ड्राइवर है और नौकरी की तलाश में था। दिसंबर 2025 में जखौली में मुलाकात गांव जखौली निवासी संजू से हुई। संजू ने खुद को स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत बताते कुलदीप और भाई संजीव को नौकरी लगवाने का भरोसा दिया।

## अधिकतम तापमान पहुंचा 43 डिग्री, दिनभर सहे गर्म हवा के थपेड़े, सड़कों पर छाई रही वीरानगी, बाजार भी सुनसान

# आसमान ने उगली आग, जनजीवन अस्त-व्यस्त

### मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल गर्मी से राहत के आसार नही

**हवा की गति 14 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

भीष्ण गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। दिनभर आसामान आग उगलता रहा और लोग गर्म हवा के थपेड़े झलते रहे। दोपहर को सड़कें सुनसान दिखाई दी। भीष्ण गर्मी को असर जनजीवन पर साफ देखने को मिला। जिससे काम काज प्रभावित हुए। दोपहर को लोग बहुत कम बाहर दिखाई दिए। शाम को कुछ राहत मिली। तापमान में दो से चार डिग्री का इजाफा दर्ज किया गया। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 11 प्रतिशत तथा हवा की गति 14 किलोमीटर प्रति घंटा किलोमीटर दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल गर्मी से राहत के आसार नही है। तापमान में और इजाफा होने की संभावना है। भीष्ण गर्मी को देखते हुए चिकित्सकों ने लोगों को दोपहर को घरों से कम बाहर निकलने तथा ज्यादा पेय पदार्थ पीने की सलाह दी है। शुक्रवार को दिन का आगाज साफ मौसम के साथ हुआ। मौसम का मिजाज सुबह का कुछ गर्म रहा। दिन चढ़ने के साथ हवा भी काफी गर्म हो गई। और सूर्य ने भी अपना रूद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया। दोपहर तक को तापमान 43 डिग्री तक जा पहुंचा। सुर्य अस्त होने के बाद कुछ राहत मिली। तापमान के 43 डिग्री पहुंचने तथा हवा काफी गर्म होने के कारण बाजार तथा सड़कों पर विरानगी छाई रही। दुकानदार दुकानों में सुस्ताते देखे गए तो सड़कों पर इक्का-दुक्का वाहन ही दिखाई दिया। भीष्ण गर्मी का असर जनजीवन पर साफ देखने के मिला और कामकाज भी प्रभावित हुआ। बिजली के कट भी लगते रहे। तापमान के उफान को देखते हुए चिकित्सकों ने लोगो को सलाह दी है कि दोपहर को घर से बाहर न निकलें। जरूरी हो तो शरीर तथा सिर को ढांप कर बाहर निकलें। ज्यादा से ज्यादा स्वच्छ पेय पदार्थो का प्रयोग करें। सीधे रूप में सूर्य के संपर्क में आने से बचें। सिर चकराना, उल्टी, दस्त, जी मिचलाने पर तुरंत चिकित्सक से ले सलाह लें। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के आसार बहुत कम हैं। तापमान में इजाफा होगा। रात को भी तापमान में बढोत्तरी होगी। किसान शाम के समय अपनी फसलो की सिंचाई करें।



जींद। सूख रहा रानी तालाब का पानी। फोटो :हरिभूमि

**रानी तालाब का पानी मार रहा सडांध**

शहर के मध्य स्थिति ऐतिहासिक व पौराणिक रानी तालाब के पास से गुजरने वाले लोगों को इन दिनों अजीब सी दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है। इस समय भीष्ण गर्मी के चलते रानी तालाब का पानी सूख रहा है। जिसके चलते जो भी पानी रानी तालाब में बचा है वो सडांध मार रहा है। जो हर किसी के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। श्रद्धालुओं ने मांग की है कि तालाब की सफाई करवा कर यहां शुद्ध पानी को छुडवाया जाए।

### मौसमी बीमारियां रोकने के लिए फील्ड में उतरा स्वास्थ्य अमला

**जींद**। मौसमी बीमारियों को रोकने के लिए स्वास्थ्य अमले ने फील्ड में उतर लोगों को बीमारियों से बचाव के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा बीमार मिले लोगों के खून के सैंपल लिए। अभियान के तहत लोगों से साफ.-सफाई रखने की अपील की गई। इसके अलावा एचपीवी वैक्सीन के बारे में भी लोगों को जागरूक किया। शुक्रवार को स्वास्थ्य कर्मचारियों ने महिलाओं को गर्भाशय के कैंसर से बचाने की जानकारी देने सहित अन्य बीमारियों से बचाव के लिए शहर की विभिन्न कालोनियों में जागरूकता अभियान चलाया। सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली के निर्देशानुसार तथा जिला स्वास्थ्य निरीक्षक राममेहर वर्मा की अगुवाई में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने घर-घर जाकर लोगों को सरकार द्वारा 14 से 15 साल की किशोरियों के लिए एचपीवी वैक्सीन लगा कर गर्भाशय के कैंसर से बचाने के लिए चलाए जा रहे विशेष टीकाकरण के लाभ की जानकारी दी।

जिला स्वास्थ्य निरीक्षक राममेहर वर्मा ने बताया कि जागरूकता अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मच्छर जनित रोगों के प्रति भी आमजन को जागरूक करने का कार्य किया।

## पॉश इलाके की चार घंटे बिजली गुल, लोग बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

शहर के पॉश इलाके में वीरवार रात करीब चार घंटे बिजली गुल रही। सफीदों रोड स्थित सब स्टेशन और सेक्टर 11 पावर हाउस में ब्रेकडाउन के कारण यह समस्या पैदा हुई। जिससे रात के समय कॉलोनियों और रिहायशी इलाकों में अंधेरा छाया रहा। शहर के सफीदों रोड स्थित सब स्टेशन और सेक्टर 11 पावर हाउस में रात नौ बजे ब्रेकडाउन हो गया। इसके कारण अर्बन एस्टेट, डिफेंस कॉलोनी, एकता नगर, न्यू जवाहर नगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कृष्णा कॉलोनी, भारत नगर, राम कॉलोनी और नया बस अड्डा एरिया की बिजली गुल हो गई। शुरुआत में लोगों ने इसे सामान्य फॉल्ट मान कर इंतजार किया लेकिन देर रात तक सप्लाई बहाल नहीं होने पर लोगों ने बिजली निगम के शिकायत केंद्र और संबंधित अधिकारियों को फोन करने शुरू कर दिए। कई बार शिकायत दर्ज कराने के बावजूद न तो संतोषजनक जवाब मिला और न ही जल्द समाधान हुआ। करीब चार घंटे बाद देर रात बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। बिजली जाने से सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को झेलनी पड़ी। गर्मी के कारण लोग घरों से बाहर निकलने को मजबूर हो गए। इनवर्टर जवाब देने लगे। शहर में बढ़ते अघोषित कटों और लगातार सामने आ रही बिजली समस्याओं ने उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा दी है। गर्मी के मौसम में यदि यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में परेशानी और बढ़ सकती है। उपभोक्ताओं ने बताया कि पहले गांवों में अघोषित कट की शिकायतें आती थी लेकिन अब शहर में भी बिना सूचना लंबे कट लगने लगे हैं। जिससे उपभोक्ताओं में रोष बढ़ रहा है। सफीदों रोड, सेक्टर 11 और आसपास की कॉलोनियों के निवासियों ने बताया कि पॉश इलाकों में इस तरह लंबे समय तक बिजली गुल रहना बिजली व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। नियमित रूप से बिजली बिल भरने के बावजूद उन्हें निर्बाध आपूर्ति नहीं मिल पा रही।

## दो लाख की नकदी-नौ तोले सोना ठगा

- शिकायत के आधार पांच लोगों के खिलाफ दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

अलेवा में ब्लॉक समिति सदस्य से दो लाख रुपये तथा नौ तोले जेवरात हड़पने का मामला सामने आया है। अलेवा थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर पांच आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी करने, धमकी देने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ब्लॉक समिति अलेवा के सदस्य प्रदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के ही प्रवीन से पुरानी जान पहचान है। प्रवीन ने जनवरी 2026 में उससे दो लाख रुपये उधार दिए थे। मार्च में वापस लौटाने का आश्वासन दिया था। गत तीन मार्च को प्रवीण बारात में जाने के लिए उससे नौ तोले सोना लेकर गया था। आरोपित ने गत पांच मार्च को दो लाख रुपये व जेवरात वापस लौटाने की बात कही थी। बावजूद इसके आरोपित ने उसकी राशि तथा जेवरात को नही लौटाया। जब उसने दबाव बनाया तो आरोपित ने व्हाट्सअप पर कॉल कर उसे धमकी दी। जिसकी पुलिस मे शिकायत दी गई। दोनों पक्षों के बीच दो अप्रैल को समझौता हो गया था। वहां मौजूद उसके परिजनों ने राशि तथा जेवरात देने का आश्वासन दिया था। फिर भी आरोपित ने राशि तथा जेवरात का नही दिया। जब उन्होंने छानबीन की तो पता चला आरोपित ने अपने परिजनों तथा जानकार के साथ मिलकर उसके जेवरातो पर गोल्ड लोन लिया हुआ है। अब आरोपित राशि तथा जेवरात न लौटाने के साथ धमकी भी दे रहा है। अलेवा थाना पुलिस ने प्रदीप की शिकायत पर प्रवीण, राजाराम, राहुल, मुकेश तथा साहिल के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय सहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अलेवा थाना प्रभारी आत्माराम ने बताया कि राशि तथा जेवरात हड़पने की शिकायत दी गई थी। फिलहाल पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## दुकान की खरीद फरोख्त में 41.70 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

पंचायत की जमीन पर बनी दुकान को निजी संपत्ति बताकर पांच लोगों ने रामनगर निवासी से 41 लाख 70 हजार रुपये ठग लिए। बाद में सच्चाई सामने आने पर उसे जान से मारने की धमकियां दीं गई। सीवन थाना में पुलिस ने रामनगर निवासी जरनैल सिंह की शिकायत पर पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज कर ली। पीड़ित जरनैल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जुलाई 2025 में आरोपी वकील राम व मीता राम उसे कांगथली अड्डा पर मिले। इसके बाद उसकी मुलाकात अन्य आरोपियों से करवाई, जिन्होंने उसे डबल स्टोरी दुकान दिखाकर बेचने की बात कहीं। आरोपियों ने दुकान को पूरी तरह तैयार और वैध बताकर उसे खरीदने के लिए राजी कर लिया। बाद में उसे चीका ले जाकर एक अन्य व्यक्ति से मिलवाया , जिसने खुद को दुकान का मालिक बताते कागजात भी दिखाए। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने पहले 46 लाख रुपये की मांग की, जो बाद में 41 लाख 70 हजार में सौदा तय हुआ। उसने आरोपियों को अलग-अलग तारीखों में नकद और बैंक ट्रांसफर के जरिए पूरी रकम दे दी। यहां तक कि आरोपियों ने रजिस्ट्री भी उसकी पत्नी के नाम करवा दी गई, जिससे उसे सौदा सही होने का भरोसा हो गया। लेकिन जब वह इंतकाल और कब्जा लेने के लिए संबंधित अधिकारियों के पास पहुंचा, तो उसे पता चला कि यह दुकान ग्राम पंचायत कांगथली की जमीन पर बनी है और उसकी सभी रजिस्ट्रियां नकली हैं। इस दौरान गांव के सरपंच ने भी दुकान पर ताला लगाते इसे सरकारी संपत्ति बताया। पीड़ित का आरोप है कि सभी आरोपियों ने आपस में मिलकर साजिश रची और जानबूझकर उसे धोखा दिया। जब उसने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में उसने पहले थाना सीवन में शिकायत दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने 31 अक्टूबर 2025 को पुलिस अधीक्षक कैथल को लिखित शिकायत देकर न्याय की मांग की है।

**मामले की जांच जारी**

सीवन थाना प्रभारी रमेश ने बताया कि भिंद्र सिंह कराली पंजाब, संदीप प्रोफेसर कॉलोनी चीका, वकील राम रामनगर भूना, मीता निवासी चीका व राम चन्द्र के खिलाफ धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज कर ली है। मामले में आगामी जांच शुरू कर दी है।



राजौंद। अनाज मंडी में उठान का इंतजार करते गेहूं के कट्टों के ऊंचे ढेर।

**धीमे उठान से किसानों का भुगतान रुका**

**राजौंद**। अनाज मंडी में गेहूं के उठान की धीमी गति के कारण आढ़तियों और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर गेहूं खुले में पड़ा सूख रहा है, वहीं दूसरी ओर उठान न होने के कारण किसानों को समय पर भुगतान नहीं मिल पा रहा है।मंडी में वर्तमान में लगभग 4 लाख कट्टे गेहूं उठान के इंतजार में पड़े हैं। हालात यह हैं कि मंडी में जगह-जगह गेहूं के ऊंचे-ऊंचे ढेर लग गए हैं, जिससे आवागमन भी प्रभावित हो रहा है और व्यवस्था बिगड़ती जा रही है।आढ़तियों का कहना है कि सरकार द्वारा दावा किया जाता है कि फसल खरीद के 48 घंटे के भीतर किसानों के बैंक खातों में भुगतान कर दिया जाएगा, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है। नियमों के अनुसार भुगतान की प्रक्रिया तब शुरू होती है, जब खरीदी गई फसल का उठान कर उसे गोदामों तक पहुंचाया जाता है।उठान में हो रही देरी के चलते न केवल मंडी में अव्यवस्था फैल रही है, बल्कि किसानों का लाखों रुपये का भुगतान भी अटका हुआ है, जिससे उनमें रोष बढ़ता जा रहा है।

### खेड़ी गुलाम अली में बिजली टीम पर हमला

**कैथल**। गांव खेड़ी गुलाम अली में बिजली चोरी पकड़ने गई टीम पर हमला कर दिया। शिकायत पर एक आरोपी के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि बिजली कनेक्शन कटने के बावजूद आरोपी कुंडी लगाकर बिजली चोरी कर रहा था। विरोध करने पर उसने कर्मचारियों से मारपीट की, जान से मारने की धमकी दी और सरकारी कार्य में बाधा डाली। सीवन थाना पुलिस को दी शिकायत में सीवन बिजली निगम के एसडीओ आशीष गौतम ने बताया कि 6 अप्रैल को यूएचबीवीएन की चेकिंग टीम एडिनशनल फील्ड मैनेजर देव के नेतृत्व में जांच के लिए पहुंची थी। इस दौरान राजेश को अवैध तरीके से बिजली उपयोग करते पकड़ा। टीम ने कुंडी हटाई तो आरोपी भड़क गया और कर्मचारियों के साथ हाथापाई करने लगा।



राजौंद। मुख्य गेट पर मांगों को लेकर प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी।

**आंदोलन तेज करने की चेतावनी**

**राजौंद** । विद्युत प्रसारण निगम के कर्मचारियों ने 18 वें दिन भी अपनी मांगों को लेकर गेट मीटिंग कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान अश्विनी ढांडा ने की और संचालन सब यूनिट कैशियर रोहतास शर्मा ने किया। इस दौरान कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उनकी चार्जशीट के जवाब दो साल पहले देने के बावजूद एसई स्तर पर कोई निर्णय नहीं हुआ, जिससे वे प्रमोशन व अन्य लाभों से वंचित हैं। कर्मचारियों ने स्टाफ की कमी, कैथल डिवीजन में कार्य लेने और जर्जर एसडीओ कार्यालय भवन को लेकर भी नाराजगी जताई। सब यूनिट प्रधान अश्वनी ढांडा ने चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा। इस दौरान रोहतास शर्मा अश्विनी, कुलदीप, गुरुदेव,मुकेश कोटडा, सुखदेव, मोहित, विकास,जगबीर, अनिल कृष्ण कुमार, सुमित,राजेंद्र, प्रवीन ,मनजीत राकेश, सिया राम, नरेश , सरिता, कर्मचारी, कर्मचारियों ने भाग लेकर अपना समर्थन जताया।

## बुआना में दंपति ने निगला जहरीला पदार्थ,पति की मौत, पत्नी गंभीर

- भाई पर ही आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

गांव बुआना में वीरवार रात दंपति ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। उपचार के दौरान पति की मौत हो गई जबकि पत्नी का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामा की शिकायत पर मृतक के ही भाई नरेंद्र के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। आत्महत्या के कारणों के पीछे दोनों भाइयों का आपसी विवाद बताया जा रहा है। जुलाना थाना पुलिस को दी शिकायत में रोहतक के महम निवासी रविंद्र ने बताया कि उसकी बहन सावित्री की शादी बुआना गांव में हुई थी। उसकी बहन के दो बेटे संजय व नरेंद्र व एक बेटी है। रविंद्र ने बताया कि संजय के पास बच्चा नहीं है। तीन-चार दिन पहले संजय मंडी में गेहूं बेच कर आया था। छोटे भाई नरेंद्र ने संजय से गेहूं बिक्री की जो पर्ची थी, वह छीनने का प्रयास किया। जिससे दोनों के बीच विवाद होने लगा। वीरवार रात को भी नरेंद्र व संजय के बीच विवाद हुआ है। इसमें नरेंद्र ने संजय व उसकी पत्नी ममता की पिटाई कर दी थी। इसी से खफा होकर दोनों संजय व उसकी पत्नी ममता ने वीरवार रात को जहरीला पदार्थ निगल लिया था।

## किसानों की हर समस्या का समाधान करवाना सरकार की प्राथमिकता : डा. मिड्ढा

# 3.20 करोड़ से होगा मनोहरपुर अनाज मंडी का विकास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि सरकार किसानों के हितों के लिए लगातार कार्य कर रही है और उनकी समस्याओं का समाधान करना सरकार की प्राथमिकताओं में शुमार है। खरीद प्रक्रिया को समुचित ढंग से संपन्न करवाने के लिए मंडियों में आवश्यक विकासात्मक कार्य करवाए जा रहे है। इसी कडी में मनोहरपुर अनाज मंडी में करीब तीन करोड़ 20 लाख की धनराशि से विकास कार्य कराए जाएंगे। जिससे किसानों और आढ़तियों को लाभ मिलेगा। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा शुक्रवार को मनोहरपुर अनाज मंडी में विकास कार्यों का शुभारंभ करने के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मनोहरपुर अनाज मंडी के विकसित होने से आसपास के लगभग 10 गांवों के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। मंडी में पक्का मैदान बरसाती पानी के लिए नाली, लेवलिंग, पक्का रास्ता और अन्य बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा। सुविधाएं उपलब्ध होने से किसानों को अपनी फसल बेचने में आसानी होगी और मंडी में किसानों द्वारा लाई जाने वाली फसल भी साफ.-सुथरी रहेगी। जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाएए ताकि किसानों को जल्द से जल्द इन सुविधाओं का लाभ मिल सके। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों के हितों में अनेकों योजनाएं चलाई गई है।



जींद। विकास कार्यों की शुरूआत करते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर मार्केटिंग बोर्ड के एसई नवीन दहिया, कार्यकारी अभियंता प्रदीप शर्मा, एसडीओ रोशन लाल, जींद मार्केट कमेटी के सचिव संजीव जांगड़ा, मार्केट कमेटी के चेयरमैन मनीष गोयल, मनोहरपुर गांव के सरपंच विनोद कुमार, पूर्व सरपंच दिलबाग सिंह, रमेश , सतबीर सिंह, साहब सिंह, शिल्लु समेत संबंधित विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और क्षेत्र के किसान भी उपस्थित रहे।

## जींदः तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी गंभीर

### पिंडारा रेलवे ओवरब्रिज के पास हादसा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

पिंडारा रेलवे ओवरब्रिज के निकट तेजरफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सदर थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर फरार वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सिंध्वीखेड़ा निवासी अंकित तथा रिंकू बीती रात बाइक पर सवार होकर जींद शादी में आ रहे थे। पिंडारा रेलवे ओवरब्रिज के निकट तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने दोनों गंभीर हालात में नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उपचार के दौरान अंकित ने दम तोड़ दिया। जबकि रिंकू की हालात देख पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालातों का जायजा लिया। सदर थाना पुलिस ने मृतक के भाई आशीष की शिकायत पर फरार वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### स्वर्णकार समाज का प्रदेश स्तरीय सेमिनार कल

**जींद।** आगामी 26 अप्रैल को चौधरी रणबीर सिंह विवि जींद में स्वर्णकार समाज की प्रदेश स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। स्वर्णकार सेवा संघ हरियाणा तथा इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की जा रही कन्वैन्शन में समाज के युवाओं को जहां शिक्षा के लिए बढ़ावा देने को प्रयास रहेगा, वहीं पर सोने व चांदी के बढ़ते भावों के कारण ठप हो रहे स्वर्णकार व्यापार को बचाने के लिए तौर तरीकों से अवगत करवाया जाएगा।

### एचपीवी वैक्सीन जागरूकता में सरपंच करेंगे मदद

**जींद।** एचपीवी वैक्सीन के बारे में जागरूकता लाने के लिए जिले के सरपंचों को अब मदद करनी होगी। इसके लिए डीआरडीए हाल में जिला टास्क फोर्स मीटिंग का आयोजन एडीसी के मार्गदर्शन में किया गया। इसमें जिले के अधिकतर सरपंचों द्वारा अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई गई। मीटिंग में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. संदीप मलिक ने सभी सरपंचों को विस्तृत रूप से एचपीवी वैक्सीन की विशेषता बताई व गांवों में एचपीवी वैक्सीन संबंधित फैली भ्रातियां, भ्रमता को दूर करते बताया कि यह वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है एवं वैज्ञानिक जांच उपरान्त ही इसे 14-15 वर्ष की आयु की लड़कियों को लगाने की अनुमति प्रदान हुई है।

### जीवन में चिंता नहीं चिंतन कीजिए : शर्मा

**उचाना।** महाराजा अग्रसेन मंदिर पुजारी अशोक शर्मा ने भजन-कीर्तन में कहा कि चिंता एक जहर है। चिता तो सिर्फ तन को जलाती है चिंता तन-मन दोनों को जलाती है। चिंता नहीं चिंतन कीजिये समस्या का समाधान जरूर मिलेगा। कुछ अच्छे दोस्त जरूर बनाइए और अपने मन की सारी बातें उनसे कह डालिए। नहीं तो गुरू, ईश्वर को अपना सब कुछ मानकर सारी बातें कहते रहिये। आंगन में लगे पेड़-पौधों के सामने भी चिंताओं को उगला जा सकता है। जिस व्यक्ति की ओर से चिंता है, उसे कह डालिये, जिससे चिंता की जड़ ही कट जाए।

### सद्भाव यात्रा में उमड़ रही भीड़ : हरेंद्र सिंह

**उचाना।** कांग्रेस नेता हरेंद्र सिंह ने कहा कि पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा में उमड़ रही भीड़ इस बात का प्रमाण है कि ये यात्रा प्रदेश में आने वाले दिनों में बड़ा राजनीति बदलाव करने जा रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में चल रही इस यात्रा को 200 दिन से अधिक समय हो चुका है। 3 हजार से अधिक किलोमीटर अपने साथियों के साथ सर्दी, बारिश, गर्मी के मौसम में बृजेंद्र सिंह चल रहे है। 5 अक्टूबर से ये यात्रा शुरू हुई थी।

### राजकीय महाविद्यालय में इंटर्नशिप ओरिएंटेशन

**जींद।** राजकीय कालेज अलेवा में बीए, बीएससी चार सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप ओरिएंटेशन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य मुनीश कुमार ने की। कार्यक्रम का संचालन डा. सुनेत रानी व डा. मंजीत द्वारा किया गया। डा. सुनेत रानी ने विद्यार्थियों को बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत सभी विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप करना अनिवार्य है। इंटर्नशिप ग्रीष्मावकाश में दूसरे या चार सेमेस्टर की परीक्षाओं के बाद छात्रों को करना होता है। इसकी अवधि चार से छह सप्ताह होती है। डा. मंजीत ने इंटर्नशिप मार्गदर्शिका में दिए विभिन्न क्षेत्रों व संगठनों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी।

### उचाना में निरंतर बढ़ रही विधायक की लोकप्रियता

**उचाना।** भाजपा कसूहन मंडल महामंत्री रोहताश खटकड़ ने कहा कि विकसित उचाना का सपना पूरा होने की तरफ कदम बढ़ रहे है। जो वायदे विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने उचाना हलके की जनता से किए थे उन वायदों को वो पूरा करने में लगे है। जुबान के धनी विधायक की कथनी करनी में कोई अंतर नहीं है। अपने पिता स्व. चतरभुज अत्री के सपनों को वो राजनीति के माध्यम से साकार करने का काम कर रहे है।

## सीएम ने नीट परीक्षा को लेकर वीसी से उपायुक्तों को दिए सख्त आदेश

# परीक्षा को निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न करवाने के निर्देश

### जींद में तीन मई को छह केंद्रों पर तीन हजार परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आगामी तीन मई को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी संबंध में डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उपायुक्तों को परीक्षा को पारदर्शी, निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न कराने के निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि जिले में कुल छह परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। जहां लगभग तीन हजार परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इनमें स्थानीय डिफेंस कॉलोनी स्थित गर्ल्स मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 312 परीक्षाथी, भारत सिनेमा के पास स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 387 परीक्षार्थी, राजकीय कॉलेज में 600 परीक्षार्थी, पीआईजी कॉलेज फॉर वूमेन में 528 परीक्षार्थी तथा चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद ब्लॉक में 576 और सीवी रमन ब्लॉक में 528 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से रहते पूरी कर ली जाएं ताकि किसी भी परीक्षार्थी को कोई असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी केंद्रों पर पेयजल, शौचालयए बैठने की उचित व्यवस्था और साफ.-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके साथ ही बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए और किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोकने के लिए सख्त इंतजाम किए जाएं। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दूरदराज से आने वाले परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए बसों और अन्य यातायात साधनों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।



जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते डीसी मोहम्मद इमरान रजा। फोटो :हरिभूमि

#### लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जाए तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल टीम तैयार रखी जाए। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसी टीवी निगरानी, बायोमेट्रिक सत्यापन तथा अन्य आवश्यक तकनीकी प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। डीसी ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश देते हुए कहा कि समय-समय पर तैयारियों की समीक्षा की जाए ताकि परीक्षा शांतिपूर्णए निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। परीक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### एक दिन पहले केंद्र का दौरा करें परीक्षार्थी

डीसी ने परीक्षार्थियों से अपील करते हुए कहा कि वे परीक्षा से एक दिन पहले अपने परीक्षा केंद्र का दौरा अवश्य कर लेंए ताकि परीक्षा वाले दिन उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दिन समय पर केंद्र पर पहुंचना बेहद जरूरी है। क्योंकि बायोमैट्रिक वेरिफिकेशन सहित अन्य प्रक्रियाएं समय पर पूरी करनी होती हैं। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षार्थी अपने साथ केवल एडमिट कार्ड और वैध पहचान पत्र ही लेकर आएं। इसके अलावा कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणए गैजेट या अन्य प्रतिबंधित वस्तु परीक्षा केंद्र में ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इस दौरान बैठक में पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, एडीसी प्रदीप कुमार, एसडीएम सत्यवान मान, सीटीएम मोनिका रानी, जिला नोडल अधिकारी एनटीए सुरेंद्र सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



जींद। पुष्पा तायल का स्वागत करते कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

## नारी शक्ति जनाक्रोश सम्मेलन की जिला संयोजक बनी डॉ. पुष्पा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भाजपा नेतृत्व ने भाजपा जींद की जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल को एक जिम्मेदारी और देते नारी शक्ति जनाक्रोश सम्मेलन की हरियाणा टीम में शामिल करते हुए जिला का संयोजक बनाया है। जिला संयोजक का दायित्व मिलने के उपरांत डॉ तायल को महिला शक्ति ने बधाई दी व फूलमालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर डॉ तायल ने महिलाओं से आग्रह किया कि वो विपक्ष द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल जो संसद में गिराने का कार्य किया गया है इसको जनता के बीच में लेकर जाएं व जनाक्रोश सम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच कर विपक्ष को बताएं कि महिला शक्ति चुनाव के वक्त बटन दबाकर इनको महिला ताकत का अहसास करवाएगी। तायल ने कहा बड़े दुर्भाग्य की बात है जब देश के प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं को लोकसभा व विस में 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल संसद में लाने का काम किया तो विपक्ष ने इसको संसद में गिराकर महिलाओं की आशाओं पर पानी फेर दिया व अपनी कब्र खोदने का काम किया। तायल ने कहा हम महिलाएं जब देश के प्रहरी से लेकर देश के लिए खेलों में मैडल लाने ए व सभी क्षेत्रों में अग्रणी है तो देश के लिए नीतियां बनाने का काम क्यों नहीं कर सकती। मगर दुर्भाग की बात है कि कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके, समाजवादी पार्टी के नेताओं ने महिलाओं को केवल चूल्हे चौके तक सीमित रखा। हम सम्मेलन करेंगे व इन पार्टियों को इनकी औकात दिखाने का काम करेंगे। तायल ने उन्हें शीर्ष नेतृत्व द्वारा इस जिम्मेदारी को दिए जाने पर सीएम नायब सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली, संगठन महामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री कृष्ण बेदी, डा. अर्चना गुप्ता, सुरेंद्र पूनिया का धन्यवाद किया।

### अधीक्षक अभियंता ने सुनी बिजली समस्याएं

**जींद।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम जींद द्वारा गांव लोहचब में बिजली अदालत का आयोजन किया गया। बिजली अदालत में जींद के अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा ने बिजली की समस्याएं सुनी। बिजली अदालत में काफी संख्या में लोग बिजली की समस्या लेकर पहुंचे। जिनमें बिजली लाइनों को स्थानांतरित करना, वोल्टेज समस्या, खराब ट्रांसफार्मर की समस्याएं जैसी समस्याएं अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा के समक्ष रखी गई। जिसके बाद लाइन शिफ्टिंग ए खराब ट्रांसफार्मर को बदलने जैसी समस्याओं को कार्यकारी अभियांता अमित को तुरंत प्रभाव से समाधान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बिजली लाइनों को स्थानांतरण करने और सौलर कनैक्शनों जैसी समस्याओं को भी निश्चित समय अवधी में समाधान करने के निर्देश दिए। वहीं उपस्थित लोगों को संबोधित करते अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा ने कहा कि बिजली निगम द्वारा इस प्रकार की बिजली अदालत लगाए जाने का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं की संतुष्टि के लक्ष्य को प्राप्त करना हैं। बिजली निगम द्वारा अच्छी बिजली आपूर्ति देने के लिए अनेक योजनाएं चलाई हुई हैं। जिसके तहत गांव-गांव में पुराने बिजली के पोल और तारों को बदलकर नए पोल और तारें लगाकर पर्याप्त बिजली सुविधा देना हैं। उपभोक्ताओं को बिजली चोरी न करने के लिए प्रेरित किया। क्योंकि बिजली चोरी दंडनीय अपराध हैं और जो भी बिजली चोरी करते हैं तो उसके खिलाफ बिजली एवं सिंचाई थाना में मामला दर्ज करवा कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### गेहूं खरीद और उठान का कार्य जारी

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिले में गेहूं खरीद का कार्य सुचारू एवं व्यवस्थित ढंग से जारी है। मंडियों में किसानों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। सभी सम्बंधित एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि उठान कार्य में और तेजी लाई जाए ताकि मंडियों में फसल का सुचारू प्रबंधन बना रहे। उपायुक्त ने बताया कि मंडियों में किसानों के लिए पीने के पानी, छाया, बैठने की व्यवस्था, शौचालय एवं सफाई जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। इसके अलावा फसल की समय पर खरीद और भुगतान सुनिश्चित करने के लिए भी प्रशासन पूरी तरह से सजग है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से मंडियों का निरीक्षण करें और किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उसका तुरंत समाधान करें। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य समय पर उपलब्ध करवाना तथा खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुचारू बनाए रखना है। किसानों से आग्रह किया कि वे अपनी फसल को अच्छी तरह सुखाकर मंडियों में लाएंए ताकि खरीद प्रक्रिया और अधिक तेज एवं सुगम बनी रहे। बताया कि जिले में गत दिवस तक कुल छह लाख 62 हजार 601 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। इसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा एक लाख 96 हजार 676 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा दो लाख 68 हजार 788 मीट्रिक टन, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा पांच हजार 495 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयरहाउस कॉरपोरेशन द्वारा एक लाख 91 हजार 642 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।

### इंडस्ट्रियल विजिट के लिए सौंपा मांग पत्र

**जींद।** सीआरएसयू के प्रबंधन विभाग में अध्ययनरत 100 से अधिक विद्यार्थियों ने इंडस्ट्रियल विजिट एवं शैक्षणिक भ्रमण की मांग को लेकर विभागाध्यक्ष को सामूहिक मांग पत्र सौंपा। विद्यार्थियों ने कहा कि प्रबंधन शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि विद्यार्थियों को उद्योगों, कंपनियों तथा संस्थानों के कार्यप्रणाली से प्रत्यक्ष रूप से परिचित करवाना भी अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से विद्यार्थियों ने विभागाध्यक्ष डा. अजमेर सिंह को आवेदन देकर एक या दो दिन का शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण शीघ्र आयोजित करवाने की मांग उठाई है। प्रबंधन विभाग के छात्र मौलिक जैन ने बताया कि कि प्रबंधन विभाग में बीबीए, एमबीए तथा अन्य कक्षाओं के छात्र व छात्राएं लंबे समय से इंडस्ट्रियल विजिट की प्रतीक्षा कर रहे हैं। पिछले कई वर्षों से विभाग के विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार के औद्योगिक भ्रमण, फैक्ट्री विजिट, कॉरपोरेट एक्सपोजर या एजुकेशनल टूर का अवसर नहीं मिला है। जबकि प्रबंधन शिक्षा का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान देना, उद्योग जगत से जोड़ना तथा उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना होता है। हीं करवाई जाएगी तो विद्यार्थियों को नुकसान उठाना पड़ेगा।

- प्रबंधन शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए
- छात्र व छात्राएं लंबे समय से इंडस्ट्रियल विजिट की प्रतीक्षा कर रहे

### छात्राओं को सेहत के प्रति जागरूक किया

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज में यूथ रेडक्रॉस के तत्वावधान में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य जागरूकता एवं दवा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को बढ़ावा देना, कृमिनाशन के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना तथा आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की 200 छात्राओं के बीच एल्बेंडाजोल की गोलियों का वितरण किया गया। यह आयोजन कक्ष संख्या 207 में प्रातः नौ बजे से 10 बजे तक आयोजित किया गया। जो प्रोग्राम ऑफिसर डा. सीमा दलाल एवं सदस्य डा. रश्मि के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। यह पहल छात्र कल्याण के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियानों में सक्रिय भागीदारी को दर्शाती है। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर द्वारा किया गया। अपने संबोधन में छात्राओं को अच्छे स्वास्थ्य के लिए एल्बेंडाजोल के नियमित सेवन के महत्व पर बल दिया। यह भी बताया कि इस प्रकार की सरकारी पहले एक रोगमुक्त और जागरूक समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। साथ ही उन्होंने छात्राओं को प्रेरित किया कि वे न केवल स्वयं इन स्वास्थ्य संबंधी आदतों को अपनाएं बल्कि अपने परिवार एवं समाज में भी जागरूकता फैलाएं। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डा. सीमा दलाल ने एल्बेंडाजोल दवा के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि यह दवा क्यों आवश्यक है, इसके क्या लाभ हैं तथा इसे किस अंतराल पर लेना चाहिए।



जींद। मंच पर मौजूद बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### डीएन मॉडल स्कूल में बाल प्रतिभा उत्सव मनाया

**जींद।** डीएन मॉडल स्कूल में शुक्रवार को नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक के विद्यार्थियों द्वारा बाल प्रतिभा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नन्हे बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा उनके सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत प्रस्तुति से हुई। जिसमें बच्चों ने आकर्षक अंदाज में अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद बच्चों ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। उनके मनमोहक हाव भाव और तालमेल ने अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नन्हे विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ भाषण प्रस्तुत किए। जिनमें उनके विचारों की स्पष्टता और मंच पर बोलने का आत्मबल देखने को मिला। प्राचार्या मीनाक्षी गुप्ता ने संदेश में कहा कि कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें आगे बढने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के अगले चरण में बच्चों ने सुंदर कविताएं सुनाईं। जिनमें देशभक्ति, प्रकृति और नैतिक मूल्यों की झलक देखने को मिली। इसके साथ ही कहानी कथन के माध्यम से बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता, अभिव्यक्ति कौशल और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया।

## टीकाकरण के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी के अंतर्गत रधाना गांव में एचपीवी वैक्सीनेशन को लेकर उपस्वास्थ्य केंद्र रधाना की स्वास्थ्य टीम ने 14 वर्ष पूरे कर चुकी किशोरियों के अभिभावकों के घर-घर जाकर जागरूक किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) संक्रमण और उससे बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। स्वास्थ्य कर्मी जितेन्द्र सैनी, ममता , सीएचओ किरणलता ने महिलाओं व अभिभावकों को संबोधित करते कहा कि एचपीवी वैक्सीन महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) जैसी गंभीर बीमारी से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि यह कैंसर महिलाओं में होने वाली प्रमुख घातक बीमारियों में से एक है, जिससे हर वर्ष बड़ी संख्या में मौतें होती हैं। स्वास्थ्य कर्मियों ने जागरूक करते कहा कि एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षितए प्रभावी और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि सरकार द्वारा आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए अब यह वैक्सीन सरकारी अस्पतालों में निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को भी इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर समाज में फैली भ्रांतियों और गलत धारणाओं को दूर करने पर भी जोर दिया गया तथा लोगों से सही जानकारी के आधार पर निर्णय लेने की अपील की गई। इस दौरान जितेन्द्र सैनी, ममता शर्मा, किरणलता, गांव के सरपंच रामकुमार और सभी आशा वर्कर मौजूद रही। उधर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत गांव जाजवान में एचपीवी वैक्सीनेशन को लेकर स्वास्थ्य कर्मी सुशील शर्माए सुनीता कुमारी व रीनू शर्मा ने 14 वर्ष पूरे कर चुकी किशोरियों के अभिभावकों के घर-घर जाकर जागरूक किया।



जींद। प्लेसमेंट ड्राइव में मौजूद अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### राजकीय कालेज में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**जींद।** संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय जींद में महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में प्लेसमेंट सेल द्वारा एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि ऐसे प्लेसमेंट ड्राइव विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करते हैं। महाविद्यालय के गाइडेंस ब्यूरो एण्ड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख निजी बैंक आईसीआईसीआई बैंक की विजिटिंग टीम ने भाग लिया। इस अवसर पर बैंक के रीजनल हेड रजत भाटिया एवं ब्रांच मैनेजर दीपक पूनिया ने विद्यार्थियों से विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करना और उन्हें कॉर्पोरेट जगत से जोडना था। कार्यक्रम की संयोजक डा. सुनीता मेहरा ने संबोधन में कहा कि ऐसे प्लेसमेंट कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं बल्कि आत्मविश्वास और कौशल विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## महिला काव्य मंच ने किया ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन

# मोबाइल ने छीन ली कंचों वाली शाम, बचपन सूना हो गया खो गई अब बच्चों वाली बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महिला काव्य मंच जींद ईकाई की ऑनलाइन गोष्ठी आयोजित की गई। राष्ट्रीय महासचिव सचिव सीमा शर्मा ने गोष्ठी में मुख्यअतिथि की भूमिका निर्वहन की। सरस्वती वंदना के साथ प्रारंभ हुई गोष्ठी में अखिल भारतीय साहित्य परिषद की प्रांतीय उपाध्यक्ष मंजू रेढू व जींद अध्यक्ष मंजू मानव के साथ अन्य ने विशिष्ट अतिथि के रुप में गोष्ठी में शिरकत की। विश्व पुस्तक दिवस के उपलक्ष में आयोजित काव्य गोष्ठी मे जींद ईकाई की कवयित्रियों ने भाग लेते हुए पुस्तकों का जीवन के विभिन्न आयामों पर प्रभाव को दर्शाती अपनी प्रस्तुतियां कुछ इस प्रकार दी। गोष्ठी की मुख्य अतिथि सीमा शर्मा ने कहा कि मोबाइल ने छीन ली कंचों वाली शाम, बचपन सूना हो गया खो गई बच्चों वाली बात, अखिल भारतीय साहित्य परिषद की प्रांतीय उपाध्यक्ष डा. मंजुलता ने कहा कि पुस्तक कोई वस्तु नही, अंतर का संधान, खुद को पढने का यही, सबसे गूढ़ विधान। मंजू मानव ने कहा कि भीड़ में कुछ लोग मुझको मुझसे ज्यादा जानते, वक्त उनको कब मिला है ये कहानी फिर सही। डा. सुधा ने अपनी कविता में कहा कि धरती माता कर रही पुकार, हे मेरे श्याम आ जाओ ले अपने सुंदर भाव प्रकट करते हुए कहा कि कल्की किस किस का संहार करोगे यहां हर कोई कल का गुलाम है। प्रेम लता ने अपनी कविता में कहा कि कविता मेरी दवाई है जो धर्म के करवा दर्शन नींद मुझे दिलाती है, उलझनों में मन जब उलझे राह मुझे दिखाती है। कविता शर्मा ने कहा कि आज इंतजार करती है पुस्तकें, कोई आए य उनको उठाए, खोले य कुछ पन्ने उल्टे पलटे। क्योंकि बहुत दिन हो गए पूरी तरह से खुलकर जिए। शकुंतला काजल शकुन ने पुस्तकों की महता बताते कहा कि किताबें कुछ कहना चाहती हैं किताबों में चिड़िया चहचहाती हैं। अनीता शर्मा ने भावुक कर देने वाली पंक्तियों से किताबों की महत्ता बताई और कहा कि टूट जाएंगी जंजीरें अज्ञान की, जब किताब बोलेगी। सोई हुई तकदीरें इंसान की, जब किताब खोलेगी।



जींद। ऑनलाइन काव्य गोष्ठी में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि



उचाना। नागरिक अस्पताल में निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम रमित यादव।

### एसडीएम ने किया नागरिक अस्पताल का निरीक्षण

**उचाना।** एसडीएम रमित यादव ने नागरिक अस्पताल का औच्चक निरीक्षण किया। यहां पर ओपीडी के बारे में जानकारी लेने के साथ एक्सरे रूप, पुरानी बिल्डिंग, लैब, वार्ड में दाखिल मरीजों से भी मुलाकात की। मरीजों से स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जानकारी ली। पीने के पानी, सफाई एवं फायर सिस्टम को लेकर भी जानकारी ली। एसडीएम ने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिले इसको लेकर निरंतर प्रयासरत है। आयुष्मान कार्ड सहित अनेकों ऐसी योजना सरकार द्वारा शुरू की गई है जिससे आमजन को उपचार के दौरान परेशानी न हो। मौसम में बदलाव होने से ओपीडी बढ़ती है। तापमान बढने लगा है ऐसे में आमजन को चाहिए कि वो सावधानी स्वास्थ्य के प्रति बरतें। दोपहर के समय जरूरी कार्य हो तो बाहर निकले, अधिक से अधिक पेय पदार्थ किए, बाहर निकले तो सिर पर कपड़ा जरूर ढके इस तरह की सावधानी हमें बीमार होने से बचा सकती है। जो स्वास्थ्य संबंधित सेवाएं है उनकी जांच के लिए निरंतर नागरिक अस्पताल, पीएचसी केंद्र के निरीक्षण किए जाते है।

# प्रशासन का उद्देश्य समाज में ज्ञान दान की भावना को प्रोत्साहित करना

## डीसी ने ज्ञान दान बुक बैंक की बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए

अधिकारियों व आमजन का किया आह्वान, जनहित में पुस्तकें करें दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

डीसी अपराजिता ने कहा कि आप द्वारा दान की गई पुस्तकें जरूरतमंद व मेधावी विद्यार्थियों की जिंदगी बदल सकती हैं। पुस्तकों का दान भी बहुत बड़ा दान है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। अधिकारीगण, कर्मचारीगण व आमजन जनहित में किताबों का दान जरूर करें, जिससे किताबें खरीदने में असक्षम विद्यार्थियों को फ्री में किताबें उपलब्ध कराई जा सके। ऐसा करने से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और पढ़ाई करने की रूचि भी बढ़ेगी। डीसी अपराजिता शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में ज्ञान दान बुक बैंक की बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे रही थी। डीसी अपराजिता, एडीसी डॉ. सुशील कुमार, जिप सीईओ सुरेश राविश, एसडीएम कैथल संजय सिंह व अन्य अधिकारीगण ने ज्ञान दान बुक बैंक के नोडल अधिकारी छत्रपाल को सैकड़ों बुक दान दी। डीसी अपराजिता ने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष अपने-अपने विभागों से 100-100 पुस्तकें जरूर दान करें।



कैथल। डीसी अपराजिता ज्ञान दान बुक बैंक का शुभारंभ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने आह्वान किया कि वे अपने निजी कोष से भी पुस्तकें खरीद कर या पुरानी पुस्तकों को डाइट कैथल में दान करें। आमजन कार्यदिवस के दौरान सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक जींद रोड स्थित डाइट में स्थापित किए गए ज्ञान दान बुक बैंक में पुस्तकें दान कर सकते हैं। इसके लिए छत्रपाल (डीएमएस) को नोडल अधिकारी बनाया गया है। डीसी ने आमजन की सुविधा को देखते हुए कहा कि वे अपने नजदीकी सरकारी स्कूल में भी पुस्तकें दान कर सकते हैं, इसके बाद यह सभी पुस्तकें ज्ञान दान बुक बैंक में पहुंच जाएंगी।

### पूरा विवरण रखा जाएगा

डीसी अपराजिता ने कहा कि इन सभी पुस्तकों का रिकॉर्ड व्यवस्थित तरीके से किया जाएगा। प्रत्येक दानकर्ता द्वारा दी गई पुस्तकों का पूरा विवरण रखा जाएगा। भविष्य में इसके लिए एक मोबाइल एप बनाया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को पुस्तकें लेन-देन के लिए सुविधा उपलब्ध हो। यूपीएससी, एचपीएससी, नीट, जेई मेन, इंटरनेशनल ओलंपियाड, सीयूईटी, सीईटी, सीजीएल, सीपीटी, सीए, बैंकिंग, सैनिक स्कूल परीक्षा, आर्मी पब्लिक स्कूल परीक्षाएं आदि की तैयारियां के लिए पुस्तकें उपलब्ध करवाएं। जिला प्रशासन का उद्देश्य समाज में ज्ञान दान की भावना को प्रोत्साहित करना है। इस मौके पर एडीसी डॉ. सुशील कुमार, जिप सीईओ सुरेश राविश, एसडीएम कैथल संजय सिंह, डीडीपीओ रितु लाठर, डीईओ सुभाष कुमार, डीएसपी वीरभान, डीआईपीआरओ नसीब सिंह, छत्रपाल के अलावा अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।



कैथल। अभियान की शुरुआत करते एसपी मनप्रीत सिंह सूदन व मौजूद डीईओ सुभाष कुमार।

### पुस्तक विक्रेता को तय न करें स्कूल संचालक : अपराजिता

**कैथल।** निजी स्कूलों में दाखिलों के दौरान किसी एक पुस्तक विक्रेता को तय करते हुए पुस्तकों व स्टेशनरी की मनमानी कीमतों की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए डीसी अपराजिता ने शुक्रवार को निजी स्कूल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने निर्देश दिए कि शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार ही स्कूल संचालक स्कूलों में फीस, पुस्तकें व अन्य मापदंड तय करें। किसी एक पुस्तक विक्रेता को ही संबंधित स्कूल की पुस्तकें बेचने के लिए अधिकृत न करें, ताकि वह पुस्तक विक्रेता पुस्तकों व स्टेशनरी के लिए मनमानी कीमत न वसूल सके। अभिभावकों को अपने स्कूल में लगवाई गई पुस्तकों की जानकारी दे दें, ताकि वह किसी भी पुस्तक विक्रेता से वह पुस्तकें खरीद सके। इसके अलावा अनावश्यक सामग्री खरीदने के लिए भी अभिभावकों को बाध्य न किया जाए। उन्होंने कहा कि विभाग ने हर विषय को लेकर नियम निर्धारित किए हैं। शिक्षा विभाग के नियमानुसार ही दाखिला फीस, मासिक फीस व अन्य मापदंड तय करें। अनावश्यक फीस वृद्धि न करें। निजी स्कूल संचालक भी शिक्षा की लौ जगाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसलिए निजी स्कूल एसोसिएशन यह स्वयं तय करें कि कोई स्कूल संचालक अभिभावकों के साथ मनमानी तो नहीं कर रहा। स्कूल संचालक सभी स्कूल संचालकों को विभाग व सरकार के नियमों की पालना के लिए प्रेरित करें। डीसी ने कहा कि यदि इस तरह की कोई शिकायत मिलती है तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष ने भी स्कूल संचालकों का आह्वान किया कि वे नियमों का पालन करते हुए स्कूल संचालित करें। उपायुक्त महोदया के मार्गदर्शन में स्थिति पर नजर रखी जा रही है। भविष्य में यदि कोई शिकायत मिलती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अंग्रेजी सहित 14 क्षेत्रीय भाषाओं में डिजिटल स्व-गणना का पोर्टल



कैथल। डिजिटल स्व-गणना के दौरान प्राध्यापक तथा विद्यार्थी।

- आरकेएसडी पीजी कॉलेज में तीन दिवसीय जागरूकता एवं समन्वय शिविर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जनगणना 2027 के तहत डिजिटल स्व-गणना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आरकेएसडी पीजी कॉलेज में तीन दिवसीय जागरूकता एवं समन्वय शिविर आयोजित किया गया। शुक्रवार को शिविर का दूसरा दिन रहा, जिसमें विद्यार्थियों और स्टाफ को ऑनलाइन स्व-गणना प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। कॉलेज में इस अभियान का समन्वय अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापिका प्रो. ऋचा लांगयान कर रही हैं। जबकि वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. विशाल आनंद सहयोग प्रदान कर रहे हैं। आईक्यूएसी इकाई के समन्वयक प्रो. जयबीर धारीवाल भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, सरकारी कॉलेज कैथल से डॉ. जसपाल मलिक और डॉ. रामगोपाल मास्टर ट्रेनर के रूप में उपस्थित होकर प्रशिक्षण दे रहे हैं। शिविर में बताया गया कि डिजिटल स्व-गणना प्रक्रिया पूरी करने के बाद नागरिकों को 11 अंकों की एक यूनिक आईडी प्राप्त होगी। सत्यापन के दौरान जनगणना अधिकारी को केवल यही आईडी साझा करनी होगी, जिससे पूरी प्रक्रिया तेज, सरल और पारदर्शी बनेगी। यह सुविधा पहली बार लागू की जा रही है और यह पूरी तरह तकनीक आधारित है। पोर्टल अंग्रेजी सहित 14 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है। कार्यक्रम दौरान विद्यार्थियों और स्टाफ को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया गया। जानकारी दी कि 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक नागरिक अपने मोबाइल नंबर से लॉग इन कर 33 प्रश्नों के उत्तर देकर मात्र 15 से 20 मिनट में स्व-गणना पूरी कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने कहा कि जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं भी स्व-गणना करें।

## खबर संक्षेप

### साफ-सफाई अपनाकर मलेरिया से रहें दूर: रवि

**पूंडरी।** 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के लवली ज्वैलर्स के प्रबंध निदेशक रवि वर्मा ने मलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने और इसके रोकथाम के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया है। रवि वर्मा ने कहा कि मलेरिया आज भी कई ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या बना हुआ है। यह बीमारी मच्छरों के माध्यम से फैलती है, जिसे साफ-सफाई और सावधानी बरतकर काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि जलभराव, गंदगी और खुले में पानी जमा होने से मच्छरों का प्रजनन तेजी से होता है। इसलिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे।

### 12वीं की छात्रा बिन बताए हुई लापता, मामला दर्ज

**कैथल।** कस्बा चीका से एक 12वीं कक्षा की छात्रा का बिना बताए घर से चले जाने का मामला प्रकाश में आया है। कस्बा चीका की एक महिला ने चीका पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 अप्रैल को उसकी बेटी कस्बा के एक स्कूल की बारहवीं कक्षा में पढ़ने के लिए घर से गई थी लेकिन वह वापस नहीं लौटी। उसने उसके आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। मामले के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर कमलदीप ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में डिजिटलीकरण और एआई के प्रभावों पर मंथन किया

- देश-विदेश के 550 प्रतिभागियों ने लिया भाग, 70 शोध-पत्र प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड

बाबू अनन्त राम जनता कॉलेज, कौल (कैथल) के अर्थशास्त्र एवं राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा निदेशालय, उच्चतर शिक्षा विभाग, पंचकूला की स्वीकृति से "वैश्विक अर्थव्यवस्था, शासन और नीति पर डिजिटलीकरण एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रभाव" विषय पर एक दिवसीय अंतरविषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी (हाइब्रिड मोड) का सफल आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के सौजन्य से प्रायोजित रही। संगोष्ठी महाविद्यालय प्रबंध समिति के प्रधान तेजवीर सिंह की अध्यक्षता एवं प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। प्रधान चौधरी तेजवीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय आयोजन विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को वैश्विक स्तर पर सीखने के अवसर प्रदान करते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट (डॉ.) वीरेंद्र पाल, रजिस्ट्रार, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय उपस्थित रहे।



ढांड। पूर्व विधायक तेजवीर सिंह पदाधिकारियों के साथ।

### मानव एकता दिवस पर 118 यूनिट रक्त संग्रहित

**सीवन।** नगर के संत निरंकारी भवन में मानव एकता दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें श्रद्धालुओं व युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर 118 यूनिट रक्त दान किया। शिविर का शुभारंभ जोनल इंचार्ज सतीश हंस ने किया। संत निरंकारी मिशन सीवन के मुखी राकेश संदूजा ने बताया कि मानव एकता दिवस, मिशन के पूर्व प्रमुख बाबा गुरबचन सिंह के बलिदान को समर्पित है, जिन्होंने अपना जीवन मानवता की सेवा के लिए समर्पित किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि यह दिवस समाज में प्रेम, भाईचारे और सेवा भावना को मजबूत करने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और इसके माध्यम से किसी जरूरतमंद को नया जीवन दिया जा सकता है। शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रक्तदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। रक्तदाताओं को बैज लगाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौजूद रही, जिन्होंने रक्त संग्रहण की प्रक्रिया को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से पूरा किया।



सीवन। रक्तदान शिविर में रक्तदान करते युवा।



कैथल। अधिवक्ता प्रधुमन गर्ग के बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा के सदस्य बनने पर मिठाइयां बांटते अधिवक्ता। फोटो :हरिभूमि

### अधिवक्ता प्रधुमन गर्ग के बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा का सदस्य बनने पर मनाई खुशी

**कैथल।** जिला एवं सत्र न्यायालय कैथल के चैंबर नंबर 189 में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अधिवक्ता समुदाय ने अधिवक्ता प्रधुमन गर्ग के बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा के सदस्य बनने की खुशी में एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाकर जश्न मनाया। अधिवक्ता हिमांशु गोयल ने कहा कि प्रधुमन गर्ग का सबसे युवा सदस्य बनना पूरे युवा अधिवक्ताओं के लिए गर्व की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि युवा वकीलों को उनसे बड़ी उम्मीदें हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सदस्य बनने से पहले ही परधुमन गर्ग ने नव-नामांकित अधिवक्ताओं की फीस कम करवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक संघर्ष किया, जो सराहनीय है। अधिवक्ता अंकुश जिंदल ने परधुमन गर्ग की प्रशंसा करते हुए सभी अधिवक्ताओं का धन्यवाद किया और कहा कि उनके नेतृत्व से अधिवक्ता वर्ग को नई दिशा मिलेगी।

# मां बगलामुखी जन्मोत्सव पर भव्य कीर्तन में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

- पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और शांति की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

कैथल रोड स्थित मां बगलामुखी धाम में मां बगलामुखी जन्मोत्सव का आयोजन आज श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर 81 फुट पीताम्बर ध्वज की स्थापना की गई, जिसके साथ ही पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास का वातावरण बन गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10 बजे धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुई, जिसमें मां बगलामुखी की विशेष पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और शांति की कामना की गई। इसके उपरांत भव्य कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें भजन-कीर्तन के माध्यम से श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए। दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों द्वारा भंडारे की समुचित व्यवस्था की गई थी।



पूंडरी। हवन में पूर्णाहुति के दौरान आचार्य राजीव कौशिक साथ में श्रद्धालु।

## खबर संक्षेप

### विद्यालयों में साइबर रिस्पॉन्डर पहल शुरू

**कैथल।** साइबर अपराधों पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला पुलिस और शिक्षा विभाग ने संयुक्त रूप से एक अनोखी पहल की शुरुआत की है। इसके तहत विद्यालयों में साइबर रिस्पॉन्डर अभियान शुरू किया है, जिससे विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में जागरूकता बढ़ाई जाएगी। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने आरोही स्कूल ग्योंग में आयोजित कार्यक्रम दौरान हिंदी प्राध्यापक डॉ. विजय चावला द्वारा तैयार किए गए साइबर सुरक्षा जागरूकता पोस्टर्स का विमोचन किया। कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं और इनसे बचाव के लिए जागरूकता सबसे प्रभावी उपाय है।

### छोटे नोट-सिक्कों की कमी से बाजार की रफ्तार धीमी

**सीवन।** क्षेत्र के बाजारों में छोटे नोटों और सिक्कों की कमी अब गंभीर समस्या बनती जा रही है। इसका सीधा असर दैनिक लेन-देन पर पड़ रहा है, जिससे व्यापारी और ग्राहक दोनों असहज स्थिति का सामना कर रहे हैं। दुकानदारों के अनुसार एक, दो, पांच और दस रुपये के सिक्कों व छोटे नोटों की उपलब्धता बेहद सीमित हो गई है। छोटी खरीदारी के दौरान ग्राहकों को सही बकाया लौटाना मुश्किल हो रहा है, जिससे कई बार अनावश्यक बहस की स्थिति भी बन जाती है। सब्जी विक्रेता, चाय स्टॉल संचालक, रिक्शा चालक और छोटे दुकानदार इस समस्या से सबसे अधिक प्रभावित हैं।

### लाइन लॉस को कम करने के लिए निर्देश दिए

**कलायत।** उपमडल मुख्यालय पर एसडीएम अजय हुड्डा की अध्यक्षता में जगमग गांव योजना को प्रभावी रूप से गतिमान करने के लक्ष्य को लेकर बैठक का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। एसडीएम ने जगमग गांव योजना के अंतर्गत गांवों में 24 घंटे निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, बिजली चोरी पर रोक लगाने व लाइन लॉस को कम करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करना व उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करना है।

### 10 दिन में बैंक उपभोक्ता शिकायत का हल करना होगा

**कलायत।** कलायत स्थित स्टेट बैंक आफ इंडिया में बैंकिंग कार्य से गए भारतीय सेना में तैनात मेजर बेटी के वरिष्ठ नागरिक पिता के साथ महिला अधिकारी द्वारा अभ्रद व्यवहार करने के मामले पर एसबीआइ ने त्वरित तौर से कड़ा संज्ञान लिया है। इस गंभीर मामले में प्रभावी कार्यवाही के लिए एसबीआई ने जांच बैठाई दी है। जांच अधिकारियों को फास्ट ट्रैक से जांच करते 10 दिन में बैंक उपभोक्ता से सबंधित शिकायत का निवारण करना होगा। वरिष्ठ नागरिक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यालय, रिजर्व बैंक आफ इंडिया व एसबीआइ चेयरमैन को शिकायत की थी।

### गर्मी के मौसम में पशुओं को विशेष देखभाल की जरूरत

**सीवन।** गोशाला सेवा समिति सीवन में गोवंश की बेहतर देखभाल और स्वास्थ्य संरक्षण के उद्देश्य से पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई कैथल के पशु चिकित्सक डॉ. अमन नागरू तथा मुख्य पशु चिकित्सक सीवन डॉ. मनदीप कुमार ने भाग लेते गोवंश का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर के दौरान बीमार एवं कमजोर पशुओं की जांच कर उन्हें आवश्यक उपचार दिया गया। साथ ही पशुओं को दवाइयां भी वितरित की गईं, ताकि उनके स्वास्थ्य में सुधार हो सके। डॉ. अमन नागरू ने बताया कि गर्मी के मौसम में पशुओं को विशेष देखभाल की जरूरत होती है। उन्होंने स्वच्छ पानी, छायादार स्थान और संतुलित आहार उपलब्ध कराने पर जोर दिया। डॉ. मनदीप कुमार ने कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच और समय पर उपचार से पशुओं को बीमारियों से बचाया जा सकता है। उन्होंने गौशाला प्रबंधन को पशुओं की साफ-सफाई और उचित प्रबंधन बनाए रखने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर गौशाला सेवा समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों को भी पशु देखभाल के प्रति जागरूक किया गया। गोशाला से नरेंद्र सैनी, डॉ. अनी, मनीष शर्मा, नवीन रहेजा, जोगी सैनी आदि मौजूद रहे।


### खोया और पाया

मैं, वीरेंद्र सिंह पुत्र अजमेर सिंह निवासी सेक्टर 19, पार्ट 2, हुडा कैथल (हरियाणा) घोषणा करता हूं कि मेरा पिछला मूल ट्रांसफर डीड नंबर 77/1 दिनांक 08/04/2021 और गिफ्ट डीड मूल नं. 399/1 दिनांक 15/06/1999 को मेरे घर कैथल से दिनांक 15/11/2025 को खो गया है। जिसकी शिकायत नं. 132280082600838 भी कैथल के सिविल लाइन थाने में दर्ज है। यदि किसी को भी मिले तो कृपया मोबाइल नंबर 9996669882 पर संपर्क करें।


## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ली अधिकारियों की ऑनलाइन बैठक

# नीट परीक्षा: कैथल में पांच केंद्रों पर 1832 परीक्षार्थी देंगे पेपर

एडीसी डॉ. सुशील कुमार को बनाया नोडल ऑफिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जिले में 3 मई को होने वाली नीट परीक्षा को लेकर जिले में तैयारियां तेज कर दी हैं। 5 परीक्षा केंद्रों पर 1832 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार सुबह अधिकारियों की ऑनलाइन बैठक लेकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की, जिसके बाद जिला प्रशासन ने तैयारियां और सख्त कर दी हैं।



कैथल। डीसी अपराजिता परीक्षा को लेकर बैठक लेते हुए।

परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए एडीसी डॉ. सुशील कुमार को नोडल ऑफिसर नियुक्त किया है। बैठक के बाद डीसी अपराजिता ने कहा कि जिले में पांच केंद्रों में आयोजित होने वाली नीट की परीक्षा में परीक्षार्थियों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

### यहां बनाए परीक्षा केंद्र

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कमेटी चौक कैथल।
- पीएम श्री जवाहर नवोदय स्कूल तितरम कैथल।
- पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली अड्डा, कैथल।
- राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नजदीक गीता मंदिर कैथल।
- डा. भीम राव अंबेडकर राजकीय कालेज गांव जगदीशपुरा, कैथल।

परीक्षा के आयोजन में किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही मिली तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा के आयोजन को लेकर यदि कोई भी अवांछित तत्व बेवजह अफवाह फैलाते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिले में परीक्षा के लिए एडीसी डॉ. सुशील कुमार को नोडल ऑफिसर नियुक्त किया है। डीसी अपराजिता ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आदेश दिए हैं कि परीक्षा के आयोजन में विद्यार्थियों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। परीक्षा केंद्रों के बाहर यातायात व्यवस्था सामान्य हो। विद्यार्थी परीक्षा में जाम आदि की वजह से पहुंचने में लेट न हों। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के बाहर क्यूआरटी तैनात हो। जरूरत पड़ने पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के बाहर सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध होने चाहिए। परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे, बायोमीट्रिक प्रक्रिया एवं तलाशी प्रक्रिया के लिए योग्य स्टॉफ, आवश्यक उपकरण, लड़कियों के लिए तलाशी का अलग से व्यवस्था होनी चाहिए। गर्मी को देख पंखे सहित जरूरत पड़ने पर जनरेटर की भी व्यवस्था हो, साथ ही पानी, शौचालय की उचित व्यवस्था हो।


## ग्राम पंचायत भागखेड़ा
ब्लॉक पिल्लूखेड़ा (जींद) हरियाणा-126113

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गांव भागखेड़ा, खण्ड पिल्लूखेड़ा, जिला जींद में सफाईकर्मी की मृत्यु उपरांत उसकी जगह एक नए सफाईकर्मी की नियुक्ति की जानी है जिसके लिए दिनांक 04.05.2026 तक किसी भी कार्यदिवस में इच्छुक आवेदनकर्ता अपना आवेदन खण्ड कार्यालय में सांयः 04:00 बजे तक जमा करवा सकता है इसके लिए आयु सीमा 18 से 45 वर्ष रहेगी एवं Qualificattion 8वीं पास रहेगी।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत भागखेड़ा
ब्लॉक पिल्लूखेड़ा (जींद)

## खबर संक्षेप

### युवती से छेड़छाड़ के आरोप में तीन नामजद

**कैथल।** सदर पुलिस कैथल द्वारा एक युवती से छेड़छाड़ तथा मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। सदर पुलिस कैथल के तहत आने वाले गांव की एक युवती ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि संदीप नामक युवक उसे पर गंदी नजर रखता था। आरोप है कि 18 अप्रैल को जब वह बाथरूम में नहा रही थी तो आरोपी चुपके से उसके बाथरूम में घुस गया तथा उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। उसने यह बात अपने माता-पिता को बताई।

### 38 दिवसीय एकाउंटिंग प्रशिक्षण का समापन

**जींद।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान जींद द्वारा आरसेटी जींद में चलाए जा रहे 38 दिवसीय कंप्यूटराइज्ड एकाउंटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में 28 प्रशिक्षणार्थियों ने कंप्यूटराइज्ड एकाउंटिंग (टैली) का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त किया। प्रशिक्षण के उपरान्त ये प्रशिक्षणार्थी अपना काम शुरु करके या कहीं नौकरी करके अपने परिवार की आय बढ़ाने और अपने परिवार की जीवन शैली में सुधार करने का काम करेंगे और आत्मनिर्भर बनेंगे।

### मारपीट में महिला सहित तीन घायल

**कैथल।** जिले के गांव हरसोला में हुई मारपीट में एक महिला सहित तीन व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव हरसोला के रमेश कुमार ने थाना तितरम पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 अप्रैल को शाम के करीब 6:00 बजे गांव के ही चिराग, भूपेंद्र, राम सिंह, नरेश, सचिन, हैप्पी, लाडो, नरेश, राम दर्शन और गुड्डी ने मिलकर उसे उसके भतीजे तथा उसकी भाभी का रास्ता रोकते हुए उन पर लाठी और डंडों से मारपीट करते हुए उन्हें घायल कर दिया।

### मारपीट के अलग-अलग मामलों में दो लोग घायल

**कैथल।** कस्बा पूंडरी में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। शिकायत में बताया कि 22 अप्रैल को सायं के समय निर्मल, अंकित, राहुल और नवीन ने मिलकर उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में गांव किठाना के सचिन ने राजौंद पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 अप्रैल को जब वह गांव कसान के निकट से जा रहा था तो प्रदीप, हिम्मत, अमित, राहुल, शुभम तथा तालु ने मिलकर उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया।

### धोखाधड़ी से जमीन बेचने में मुकदमा दर्ज

**कैथल।** पूंडरी क्षेत्र में फर्जी कागजात तैयार करवाकर धोखाधड़ी से जमीन बेचने का मामला सामने आया है। पूंडरी पुलिस को दी शिकायत में देवेंद्र वालिया ने बताया कि 21 नवंबर को उसने अपनी जमीन की निशानदेही करवाई थी। इस दौरान उन्हें पता चला कि उनकी जमीन को किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर बेचा जा चुका है। जांच करने पर सामने आया कि यह सौदा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर किया गया है।

## सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी, मांगें न मानने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी

# 17वें दिन भी हड़ताल जारी, कर्मचारियों में आक्रोश, उल्टा झाड़ू कर किया प्रदर्शन

सरकार नगर पालिका, परिषद, निगम और फायर विभाग में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों की अनदेखी कर रही जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा


गुहला-चीका। गुहला-चीका नगर पालिका व फायर कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए। फोटो : हरिभूमि


सीवन। सीवन में प्रदर्शन करते कर्मचारी फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुहला-चीका

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा शाखा और हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन द्वारा प्रस्तावित प्रदेश स्तरीय हड़ताल शुक्रवार को 17वें दिन भी जारी रही। चीका और सीवन के फायर कर्मचारियों ने नगर पालिका ब्लॉक प्रधान पृथ्वीराम की अध्यक्षता में हड़ताल जारी रखी, जबकि मंच का संचालन फायरमैन गुरदीप ने किया।

इसी क्रम में नगर पालिका चीका के सफाई कर्मचारियों और फायर कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से नगर पालिका यूनियन की वरिष्ठ उपप्रधान चित्तो देवी की अध्यक्षता में गुहला रोड पर उल्टा झाड़ू प्रदर्शन किया और हरियाणा सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

चित्तो देवी ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार नगर पालिका, परिषद, निगम और फायर विभाग में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने बताया कि इन विभागों में कई कर्मचारी पिछले 18-20 वर्षों से कार्यरत हैं, लेकिन आज भी उन्हें स्थायी नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार लगातार कर्मचारियों का शोषण कर रही है और मात्र 10 से 15 हजार रुपये के वेतन में कर्मचारियों का गुजारा करना बेहद मुश्किल हो रहा है।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका के कर्मचारी सबसे निचले स्तर का कार्य करते हैं, जिसमें डोर-टू-डोर कचरा उठाने जैसे कार्य शामिल हैं, लेकिन इसके बावजूद उनके भविष्य को सुरक्षित करने के लिए कोई ठोस नीति नहीं बनाई गई है।

#### कच्चे कर्मचारियों के शोषण का आरोप

सर्व कर्मचारी संघ, ब्लॉक गुहला के प्रधान पवन शर्मा ने भी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों का भारी शोषण हो रहा है। उनसे अधिक कार्य लिया जा रहा है, जबकि वेतन बेहद कम है। उन्होंने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय को लागू करते हुए सरकार को कच्चे कर्मचारियों के लिए नीति बनानी चाहिए और वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों को स्थायी किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की कि पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाए, ताकि कर्मचारी अपने परिवार का भरण-पोषण बेहतर तरीके से कर सकें और अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे सकें। पवन शर्मा ने आश्वासन दिया कि सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा नगर पालिका कर्मचारियों के हर आंदोलन का समर्थन करता रहेगा और भविष्य में होने वाले आंदोलनों में भी सक्रिय भागीदारी निभाएगा।

#### नगर पालिका कर्मचारियों में फूटा गुस्सा

**सीवन।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के बैनर तले सीवन के नगर पालिका कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नगर में विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने उल्टी झाड़ू लेकर रोजाना प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ रोष जताया। प्रदर्शन की अगुवाई करते हुए ब्लॉक प्रधान संतोष देवी और सचिव राजेंद्र कुमार ने बताया कि कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर यह आंदोलन चलाया जा रहा है। सरकार द्वारा बार-बार आश्वासन दिए जाने के बावजूद अभी तक मांगों को लागू नहीं किया गया है, जिससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। कर्मचारियों ने अपनी प्रमुख मांगों में "समान काम, समान वेतन" लागू करने, मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 27,000 रुपये मासिक वेतन को लागू करने, कच्चे कर्मचारियों को तुरंत प्रभाव से पक्का करने, कर्मचारियों के लिए वर्दी व जूते के भत्ते में वृद्धि करने तथा पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नगर पालिका से संतोष, पिंकी, सुमन, गुरमीत, सागर, सुखविंदर, तलविंदर सिंह, गोपाल, सुरेश तथा फायर विभाग से अमर सिंह, मलकीत सिंह और अंग्रेज सिंह सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया गया, तो 1 और 2 मई को पालिका, परिषद और निगम के कर्मचारी भी प्रदेश स्तरीय हड़ताल में शामिल हो जाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

## एचपीवी टीका हर बेटी के सम्मान स्वास्थ्य और सुरक्षा का संकल्प : रमित यादव


उचाना। एसडीएम रमित यादव की अध्यक्षता में हुई एचपीवी टीकाकरण अभियान पर ब्लॉक टास्क फोर्स मीटिंग। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उचाना

उपमंडल कांफ्रेसहॉल में एसडीएम रमित यादव की अध्यक्षता में एचपीवी टीकाकरण अभियान पर ब्लॉक टास्क फोर्स की मीटिंग हुई। एसडीएम ने कहा कि एचपीवी टीका हर बेटी के सम्मान स्वास्थ्य और सुरक्षा का संकल्प है। देश में महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे आम कैंसर है। महिलाओं को होने वाले कैसर में 29 प्रतिशत सर्वाइकल कैंसर है। हर साल लगभग 123907 महिलाएं सर्वाइकल कैंसर से संक्रमित होती है तथा हर साल लगभग 78 हजार महिलाओं कि मृत्यु सर्वाइकल कैंसर से हो रही है। 15 साल या उससे अधिक उम्र कि 51 करोड़ महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर का रिस्क है। सरकार द्वारा कैंसर के बचाव के लिए देशव्यापी मुफ्त एचपीवी टीकाकरण अभियान आरंभ किया गया है। इसका शुभारंभ पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा 28 फरवरी को किया। कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य 14 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाली तथा 15 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं की हो सभी लड़कियो को एचपीवी का टीकाकरण किया जाना है। जो एचपीवी वायरस से बचाव के लिए लगाया जाता है। इससे सर्वाइकल कैंसर जननांग मस्से और अन्य कई तरह के कैंसर जैसे गर्भाशय, गले, गुदा और लिंग का कैंसर से बचाव मिलता है। विश्व के लगभग 160 देशों मे एचपीवी का टीका लगाया जा रहा है।

#### टीकाकरण की जानकारी दी

डॉ. राजेश मित्तल ने बताया कि नागरिक हस्पताल के शहरी व ग्रामीण एरिया में 1260 किशोरियों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलेवा एरिया में 1192 किशोरियों को एचपीवी टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है। हयूमन पैपिलोमा वायरस एक सामान्य संक्रमण है जो महिलाओं के प्रजनन तंत्र को प्रभावित करता है। एचपीवी टीका इस संक्रमण से बचाव करता है और भविष्य में सर्वाइकल कैंसर होने के खतरे को काफी कम करता है। टीका सुरक्षित और प्रभावी है तथा भारत सरकार द्वारा वैज्ञानिक जांच के बाद अनुमोदित किया गया है। पात्र आयु वर्ग की प्रत्येक किशोरी को टीके की एक खुराक दी जाएगी। टीकाकरण अभियान 3 माह कि अवधि मे पूरा किया जाएगा टीकाकरण से पहले लाभार्थी के अभिभावको की लिखित सहमती व ओटीपी सहमती ली जाएगी। टीकाकरण की जानकारी ऑनलाइन यू-डब्ल्यूआईएन पोर्टल पर दर्ज की जाएगी तथा टीकाकरण के बाद डिजीटल प्रमाण पत्र पंजीकृत मोबाईल नंबर से डाउनलोड किया जा सकता है।

# एचकेआरएन कर्मियों ने सौंपा सीएम नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन

- लंबित मांगों को लेकर ओएसडी से मिले कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद


जींद। ओएसडी टू हरियाणा को मांगों का ज्ञापन सौंपते एचकेआरएन कर्मी।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में एचकेआरएन के तहत कार्यरत कर्मचारियों ने शुक्रवार को अपनी लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर ओएसडी टू सीएम हरियाणा प्रो. डा. राज नेहरू को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। इसके बावजूद पांच वर्ष से अधिक की निरंतर सेवा पूर्ण करने के बाद भी उनकी नौकरी की सुरक्षा को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। जिससे उनमें असंतोष एवं असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो रही है। उन्होंने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया कि 15 अगस्त 2024 को लागू किए गए जॉब सिक्योरिटी एक्ट के अनुसार ऐसे कर्मचारी, जिन्होंने पांच वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है वे नौकरी की सुरक्षा के पात्र हैं। विश्वविद्यालय में कार्यरत अनेक कर्मचारी इस मापदंड को पूरा कर चुके हैं लेकिन अब तक उन्हें इस अधिनियम का लाभ नहीं दिया गया है। कर्मचारियों ने यह भी कहा कि लगातार अनिश्चितता की स्थिति में कार्य करने से उनकी कार्यक्षमता और मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

## देवी लाल पार्क रोड नाला निर्माण में लाखों का घोटाला

**गुहला चीका।** चीका नगर पालिका चीका के वार्ड नंबर 6 में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन के गबन का एक गंभीर मामला गरमाता जा रहा है। वार्ड 6 के पार्षद प्रतिनिधि संभालु जिंदल ने मुख्यमंत्री विंडो के सदस्यों को पत्र लिखकर 11 लाख रुपये के कथित घोटाले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। जिंदल का आरोप है कि अधिकारी और ठेकेदार की मिलीभगत से नाला सिर्फ कागजों में बना दिया गया, जबकि धरातल पर काम का नामोनिशान नहीं है। पार्षद प्रतिनिधि संभालु जिंदल ने बताया कि देवी लाल पार्क रोड पर नाले के निर्माण के नाम पर करीब 11 लाख रुपये की राशि जारी की गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि कनिष्ठ अभियंता , एमई और संबंधित ठेकेदार ने आपसी मिलीभगत कर इस राशि को खुर्द-बुर्द कर दिया है। जिंदल के अनुसार, मौके पर कोई निर्माण कार्य नहीं हुआ है, लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में इसे पूरा दिखाकर भुगतान हड़प लिया गया है। संभालू जिंदल ने मीडिया को बताया कि वे इस मामले की शिकायत पहले भी सीएम विंडो और निदेशक, स्थानीय निकाय विभाग (पंचकूला) को दे चुके हैं। /"निदेशक ने डीएमसी को पत्र लिखकर जाँच के आदेश दिए थे, लेकिन स्थानीय अधिकारी मामले को दबाने में लगे हैं। बिना किसी जमीनी हकीकत को देखे झूठे दस्तावेज तैयार किए जा रहे हैं ताकि शिकायत को बंद करवाया जा सके।/" एमिनेंट पर्सन को लिखे पत्र में उन्होंने निम्नलिखित मांगें रखी हैं : फिजिकल वेरिफिकेशन नाले की फिजिकल पैमाइश और पूरी साइट की वीडियोग्राफी करवाई जाए। स्वतंत्र जांच मामले की जांच किसी उच्च स्तरीय स्वतंत्र एजेंसी या सतर्कता विभाग से हो। जांच के समय शिकायतकर्ता की मौजूदगी अनिवार्य की जाए ताकि अधिकारी तथ्यों को न छिपा सकें। दोषी अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो और गबन की गई राशि की वसूली की जाए। जिंदल ने स्पष्ट किया कि यदि इस बार भी निष्पक्ष जांच नहीं हुई, तो वे भ्रष्टाचार के खिलाफ इस लड़ाई को और तेज करेंगे।

## न्यूज डायरी

### मुख्यमंत्री के लिए कोई अपशब्द नहीं कहे : दुष्यंत चौटाला



**जींद।** पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी के लिए कोई अपशब्द नही कहे हैं। भाजपा के नेता मुद्दे से ही आमजन को भटका रहे हैं और फिर लोग उनकी भाषा बोल रहे हैं। मुद्दा क्या है, यह सब जानते हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला शुक्रवार को जेजेपी कार्यालय में पत्रकारो से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने जेजेपी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि क्या सिविल वर्दी में सीआईए घूम सकती है, क्या वैपन कैरी कर सकती है। डीएसपी पत्रकार वार्ता में कह रहे हैं कि पवन के पास वैपन नही था। जबकि दूसरी और वीडियो में वह वैपन कॉक करते हुए दिख रहे हैं। गलत कौन है, यह सबको दिख रहा है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि वो कोई चोर नही हैं। सच्चाई अगर लानी है तो डीजीपी व एसपी को तथ्यों के साथ प्रेस कान्फ्रेंस करनी चाहिए। न तो आज डीजीपी बात कर रहे हैं और नही मुख्यमंत्री ने सात दिनों से कोई बात की है। उन्हें पता है कि वो बात करेंगे तो सवाल पूछे जाएंगे। जिसका जवाब नही होगा।



### 28 से बिजली बिल काउंटर बंद करने की चेतावनी

**उचाना।** बिजली निगम कार्यालय में एसडीओ समेत तीन के हुए तबादलों को रद्द करने की मांग को लेकर कर्मचारियों का धरना 18वें दिन भी जारी रहा। अध्यक्षता मनोज उचाना खुर्द तो संचालन कृष्ण श्योकंद डोहाना खेड़ा ने किया। सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि अगर जो तबादले हुए है उनको 27 अप्रैल तक रद्द नहीं किया जाता 28 अप्रैल से उचाना बिजली निगम कार्यालय में जो कैश काउंटर बिल भरने के लिए है उसे बंद कर दिया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि जो तबादले हुए है वो राजनीतिक द्वेष भावना से प्रेरित है। बिजली निगम के अधिकारी, कर्मचारी अपना कार्य कर रहे है। जो उच्चाधिकारियों के निर्देश आते है उनको अमल में लाकर कार्य करते है। अपनी मांगों को लेकर धरना जब तक जारी रहेगा।

### छात्राओं को विदाई, उपाधियों से हुआ सम्मान

**पूंडरी।** चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में एम.ए. (इतिहास) की अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का माहौल भावनात्मक होने के साथ-साथ उत्साह से भी भरपूर रहा, जहां जूनियर छात्राओं ने सीनियर्स को यादगार विदाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला तथा विभागाध्यक्ष डॉ. अमीता राणा ने छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में बिताए गए वर्ष केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि जीवन के महत्वपूर्ण अनुभव भी प्रदान करते हैं, जो आगे के सफर में मार्गदर्शन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान एम.ए. प्रथम वर्ष (इतिहास) की छात्राओं—खुशी, स्नेहा, अंजू आदि ने मिलकर अंतिम वर्ष की छात्राओं को उपहार भेंट किए।


सीवन। खेड़ी गुलाम अली–डेरा किशने वाली कुई की खस्ता हाल सड़क।

### खेड़ी गुलाम अली-डेरा किशने वाली कुई की सड़क जर्जर, दो किमी का सफर बना जोखिम भरा

**सीवन।** गांव खेड़ी गुलाम अली से डेरा किशने वाली कुई तक जाने वाली सड़क की हालत बेहद खराब हो चुकी है। करीब दो किलोमीटर का यह सफर वाहन चालकों को एक घंटे में तय करना पड़ रहा है और वह भी हर समय दुर्घटना के डर के साए में। स्थानीय लोगों के अनुसार यह सड़क मार्किट कमेटी द्वारा कुछ वर्ष पूर्व बनाई गई थी। सड़क बनने के बाद खेड़ी गुलाम अली, गोहरा, अटेला, फर्शमाजरा, मांझला, नागल, लैंडर कीमा और चक्कू लदाना सहित कई गांवों के लोगों को बड़ी राहत मिली थी। लेकिन अब सड़क की जर्जर हालत निर्माण कार्य में गुणवत्ता की कमी को दर्शा रही है, जिसके चलते बार-बार मरम्मत की नौबत आ रही है। वाहन चालकों का कहना है कि सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बने हुए हैं, जिनसे निकले पत्थर और उड़ती धूल-मिट्टी दुर्घटना का कारण बन रही है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह रास्ता बेहद खतरनाक साबित हो रहा है, जहां जरा सी लापरवाही बड़ा हादसा बन सकती है।

## मलेरिया पर सख्ती: प्राइवेट लैब में डेंगू-चिकनगुनिया के एलाइजा टेस्ट की अधिकतम राशि 600 रुपये तय

- नहीं चलेगी लापरवाही, टेस्ट रेट से ज्यादा वसूली पर कार्रवाई : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल


कैथल। अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा–निर्देश देतीं डीसी अपराजिता।

गर्मी बढ़ते ही मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया के खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। प्रशासन ने प्राइवेट लैब में डेंगू-चिकनगुनिया के एलाइजा टेस्ट की अधिकतम राशि 600 रुपए तय कर दी है।

शुक्रवार को डीसी अपराजिता ने सचिवलाय में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्हें निर्देश दिए कि मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम को लेकर पूरी गंभीरता से काम करें और स्थिति पर लगातार नजर रखें। डीसी ने आमजन से अपील की कि वे अपने घर और आसपास साफ-सफाई रखें तथा कहीं भी पानी जमा न होने दें, क्योंकि मच्छर साफ पानी में ही पनपते हैं। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही इन बीमारियों पर काबू पाया जा सकता है। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. रेणु चावला सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

#### मलेरिया से बचाव के लिए यह बरतें ये सावधानियां

- पूरी बाजू के कपड़े पहनें
- मच्छरदानी का उपयोग करें
- घर के आसपास नियमित सफाई रखें
- तेज बुखार, ठंड लगना, सिरदर्द या बदन दर्द होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें

### सीआरएसयू में दो साल से कंप्यूटर लैब बंद

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में शिवाजी छात्रावास में पिछले दो वर्षों से कंप्यूटर लैब बंद पड़ी है। इस कंप्यूटर लैब में 25 से 30 महंगे कम्प्यूटर मौजूद हैं। जिनकी प्रति कम्प्यूटर कीमत लगभग एक लाख रुपये बताई जा रही है। बावजूद इसके केवल फर्नीचर के अभाव में यह पूरी लैब निष्क्रिय पड़ी है। इतने महंगे महंगे कम्प्यूटरों की बिना किसी उपयोग के वारंटी निकल रही है। ऐसे में बड़ा सवाल यह खड़ा होता है कि आखिर इस लापरवाही का जिम्मेदार कौन है। इस गंभीर मामले को लेकर छात्र नेता सुमित लाठर ने विश्वविद्यालय में नवनियुक्त रजिस्ट्रार डा. सीमा गुप्ता से मुलाकात कर उन्हें स्थिति से अवगत कराया। इसके बाद एक उम्मीद की किरण जगी और रजिस्ट्रार के संज्ञान में आते ही बंद पड़ी कंप्यूटर लैब को खुलवाया गया तथा साफ.-सफाई भी करवाई गई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## 10680 में से 8,716 शिकायतों का हुआ समाधान, 171 पर कार्रवाई जारी

# जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन सदैव तत्पर : डीसी

जन शिकायतों के शीघ्र निस्तारण को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद


जींद। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी मोहम्मद इमरान रजा।

जिला प्रशासन द्वारा आमजन की समस्याओं के शीघ्रए पारदर्शी और प्रभावी समाधान को लेकर लगातार गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने विभागवार लंबित समस्याओं की समीक्षा करते हुए सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर लें और उसका समाधान निर्धारित समय सीमा में सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना प्रशासन की जिम्मेदारी ही नहींए बल्कि उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इससे पूर्व चंडीगढ़ मुख्यालय से मुख्य मंत्री के प्रधान सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त एवं योजना विभाग अरुण कुमार गुप्ता द्वारा भी प्रदेश के सभी उपायुक्तों को लंबित समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जो शिकायते पुनः खोली जाती है, समय उसमें संबंधित विशिष्ट नागरिक का नाम व मोबाइल नंबर के भी हों ताकि प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बन सके।

#### ये रहे मौजूद

इस दौरान एडीसी प्रदीप कुमार, जींद के एसडीएम सत्यवान मान, सीटीएम मोनिका रानी, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

#### किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

प्रशासन आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि समाधान शिविर के माध्यम से अबतक कुल 10 हजार 680 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनमें से आठ हजार 716 शिकायतों का सफलतापूर्वक समाधान किया जा चुका है। शेष 171 शिकायतों पर तेजी से कार्यवाही जारी है, जिन्हें भी जल्द ही निपटा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आमजन को बेहतर सेवाएं देने और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए पूरी तत्परता और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है। उपायुक्त ने बताया कि हर सप्ताह सोमवार और वीरवार को जिला एवं उपमंडल स्तर पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं की सुनवाई करते हैं तथा उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाता है। उन्होंने जिला वासियों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार आयोजित इन समाधान शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।